ओंटैरियो के प्रांतीय चुनाव में मतदान के लिए तैयार हो जएं

अपने प्रांतीय संसद सदस्य का चुनाव करने के लिए**27 फरवरी** को या उससे पहले अपने Xस को चिह्नित करें।

<u>क्या आप वोट देने के योग्य हैं?</u>

ओंटैरियो चुनाव में मतदान करने के लिए, आपके लिए यह होना अनिवार्य है:
- चुनाव के दिन 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का;
- एक कनाडाई नागरिक; तथा
- ओंटैरियो का निवासी।

<u>मतदान करने के लिए पंजीकरण करें!</u>

17 मई तक eregistration.elections.on.ca. पर मतदाता सूची में अपनी जानकारी की पुष्टि करें, उसे अपडेट करें या शामिल करें। यदि आप मतदान करने के लिए पंजीकृत हैं, तो आपको डाक में अपना मतदाता सूचना कार्ड प्राप्त होगा जिसमें मतदान कब और कहाँ करना है, इसकी जानकारी होगी।

यदि आपने अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है तो भी आप मतदान कर सकते हैं। जब आप मतदान करने जाएं तो व्यक्तिगत रूप से अपनी जानकारी शामिल करें।

पात्रता और पंजीकरण के बारे में जानकारी के लिए **elections.on.ca** पर जाएं।

<u>मतदाता सूचना कार्ड</u>

यदि आप मतदान करने के लिए पंजीकृत हैं, तो आपको डाक में अपना मतदाता सूचना कार्ड प्राप्त होगा जिसमें मतदान कब और कहाँ करना है, इसकी जानकारी होगी।

यदि आपको मतदाता सूचना कार्ड नहीं मिलता है तब भी आप मतदान कर सकते हैं। जब आप मतदान करने जाएं, तो अपना नाम और वर्तमान आवासीय पता दोनों दर्शाने वाला पहचान पत्र साथ लेकर जाएं।

अपने चुनावी जिले में तारीखों और मतदान के स्थानों की पूरी सूची के लिए, **voterinformationservice.elections.on.ca** पर जाएं या Elections Ontario ऐप डाउनलोड करें।

वोट करने के लिए पहचान पत्र

क्या आपको अपना मतदाता सूचना कार्ड डाक के माध्यम से प्राप्त हुआ था या Elections Ontario ऐप के माध्यम से?

- **हाँ**—अपना मतदाता सूचना कार्ड और अपना नाम दिखाने वाला पहचान पत्र (जैसे उपयोगिता बिल) लाएं
- **नहीं**-अपना नाम और घर का पता दिखाते हुए एक पहचान पत्र साथ लाएं (जैस ओंटैरियो ड्राइवर लाइसेंस)

स्वीकृत पहचान पत्र की सूची elections.on.ca/id-requirements पर खोजें।

जल्दी वोट करें

डाक द्वारा

- डाक द्वारा मतदान करने के लिए **votebymail.elections.on.ca** पर आवेदन करें।
- इलेक्शनज़ ओंटैरियो को **21 फरवरी** को शाम 6 बजे (पूर्वी समय) तक आपका आवेदन प्राप्त हो जाना अनिवार्य है।
- इलेक्शनज़ ओंटैरियो को गिने जाने के लिए **27 फरवरी** को शाम 6 बजे (पूर्वी समय) तक आपकी पूर्ण की हुई वोटिंग किट प्राप्त हो जाना अनिवार्य है।

अपने स्थानीय चुनाव कार्यालय में

- **30 जनवरी** से **26 फरवरी** को शाम 6 बजे (पूर्वी समय) तक अपने स्थानीय चुनाव कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से मतदान करें।

अग्रिम मतदान के दौरान

- अपने चुनावी जिले में किसी भी अग्रिम मतदान स्थल पर **20 से 22 फरवरी,** सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक (पूर्वी समय), तक मतदान करें।

चुनाव के दिन मतदान

- **27 फरवरी** को सुबह 9 बजे से रात 9 बजे (पूर्वी समय) तक अपने निर्धारित मतदान स्थान पर मतदान करें।

अपने निर्धारित मतदान स्थान को अपने मतदाता सूचना कार्ड पर, Elections Ontario ऐप पर, या **voterinformationservice.elections.on.ca** पर प्राप्त करें।

यदि आपका निर्दिष्ट मतदान स्थान पहुँच योग्य नहीं है, तो किसी अन्य मतदान स्थान पर स्थानांतरित होने का अनुरोध करने के लिए चुनाव के दिन से पहले अपने स्थानीय चुनाव कार्यालय से संपर्क करें।

सुलभता

आप **20 से 22 फरवरी** तक निर्दिष्ट क्षेत्र अग्रिम मतदान में, **20 से 26 फरवरी** तक अपने स्थानीय चुनाव कार्यालय में या चुनाव के दिन अपॉइंटमेंट के द्वारा सहायक मतदान टेक्नोलोजी का उपयोग कर सकते हैं।

सुलभ उपकरणों और सेवाओं की पूरी सूची के लिए, **elections.on.ca/accessible-voting** पर जाएं या 1.888.668.8683 या TTY 1.888.292.2312 पर कॉल करें।

अनुरोध करने पर मतदान के बारे में जानकारी वैकल्पिक स्वरूपों में उपलब्ध है।

हमारे साथ काम करें

यदि आप 16 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हैं, तो आप एडवांस वोटिंग के दौरान या चुनाव के दिन चुनाव अधिकारी के रूप में काम करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। सभी पद वैतनिक हैं और प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

jobs.elections.on.ca पर आवेदन करें।

हमसे संपर्क करें

अपने विश्वसनीय स्रोत से तथ्य प्राप्त करें।

वेबसाइट: **elections.on.ca**
फ़ोन: **1.888.668.8683**
टीटीवाई: 1.888.292.2312
ईमेल: **info@elections.on.ca**

@electionson
ElectionsON
@ElectionsON

Elections Ontario ऐप

महत्वपूर्ण चुनाव जानकारी, अपने मतदाता सूचना कार्ड का डिजिटल संस्करण, मतदान स्थलों की पूरी सूची, और बहुत कुछ के लिए ऐप डाउनलोड करें!